चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम

चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम - 2
ले राधे का नाम तुझको मिल जायेगा श्याम - 2
चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम ,

संकट सारे वो हर लेगी , जो तू लेगा नाम - 2
राधे राधे जपने से खुश हो जायेगा श्याम - 2
चाहे एक बार तू जप ले - २ , या जपले आठो याम ,
चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम , -2

सुख में तेरा साथ वो देगी, दुःख में चलेगी साथ - 2
एक नहीं हर बार रखेगी तेरे सर पर हाथ - 2
कभी एक पल न छोड़ेगी - २ जो थामा तेरा हाथ
चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम , -2

सुनती हैं वो सबकी विनती , जो भी आया शरण में - 2
तू भी रख दे अपनी अर्जी जाके उसके चरण में -2
तुझे चरणों में रख लेगी - २, वो तो आठो याम ,
चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम , -२

बह गए जो आँख से आँसू, धन्य जीवन हो जायेगा -2
मन का सारा मेल ये तेरा , आँसू से धूल जायेगा - 2
नहीं रुकने देना आँसू - 2 , आ जाये जो एक बार ,
चिंता सारी छोड़ दे , ले राधे का नाम , -2

Lyrics :- Jay Prakash Verma

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34122/title/chinta-sari-chhod-de--le-radhe-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |